**दिनांक 27.05.2020 को 01:00 बजे अपराह्न में निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना की अध्यक्षता में रेशम, हस्तकरघा एवं स्थापना से संबंधित योजनाओं / कार्यों की समीक्षा बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति– पंजी के अनुसार।

निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना द्वारा हस्तकरघा, रेशम एवं स्थापना से संबंधित योजनाओं / कार्यों की समीक्षा की गई।

## हस्तकरघा सामान्य शाखा–

हस्तकरघा उत्पादों का ई–कॉमर्स से बिक्री हेतु संबंधित महाप्रबंधक को पत्र देने का निदेश दिया गया।

हस्तकरघा वस्त्रों पर खादी की भाँती बिक्री पर छूट के संबंध में निदेश दिया गया कि पूर्व में स्वीकृत उक्त योजना का प्रगती नहीं हुआ है जिस कारण वर्ष 2020–21 में योजना स्वीकृति हेतु प्रतिक्षा की जाय।

विद्युत अनुदान की योजना के तहत निदेश दिया गया कि उर्जा विभाग द्वारा बनाये गये कमिटि अनुसार विद्युत अनुदान भुगतान हेतु बिहार राज्य पावर डिस्ट्रीव्यूशन कम्पनी को पत्र दिया जाए।

## पावर टेक्स इन्डिया योजना

(i) **In-Situ Upgradation Scheme:-** वर्ष 2019–20 में रू0 2,80,800 / – (दो लाख अस्सी हजार आठ सौ रू0 ) की स्वीकृति प्रदान की गई है। अद्यतन प्रतिवेदन अप्राप्त। उप विकास पदा0 (वस्त्र), भागलपुर अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

(ii) **सार्वभौमिक बीमा कवरेज योजना–** वित्तीय वर्ष 2019–20 में रू0 2,54,320 / – की स्वीकृत दी गई है। जिससे भागलपुर जिला के 3179 विद्युतकरघा बुनकरों को लाभाविन्त किया जाना है। अद्यतन प्रतिवेदन अप्राप्त। निदेश दिया गया कि उप विकास पदा0(वस्त्र), भागलपुर से अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु पत्र भेजा जाय।

## मेगा हैण्डलूम कलस्टर

**प्रशिक्षण**–51 समुह को प्रशिक्षित दिया जाना है, जिसके विरूद्ध 35 समुह को प्रशिक्षित दिया गया है। शेष प्रशिक्षण के संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु बुनकर सेवा केन्द्र, भागलपुर को पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

## हस्तकरघा सहकारिता शाखा–

वित्तीय वर्ष 2019–20 में स्वीकृत कार्यशील पूंजी की योजनान्तर्गत क्षेत्र से अद्यतन प्रतिवेदन प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अन्तर्गत बीमा चल रही है कि नहीं एवं जिलावार कितने बुनकर बीमित हुए हैं के संबंध में अद्यतन स्थिति की जानकारी हेतु LIC को पत्र देने का निदेश दिया गया।

निर्वाचन प्राधिकार को दी गयी राशि का व्यय एवं ई–धागा पोर्टल योजना से संबंधित अद्यतन स्थिति प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

दोनों शीर्ष संघ में प्रशासक की नियुक्ति हेतु यथोचित पत्राचार किये जाने का निदेश दिया गया।

वर्ष 2020–21 की योजनाओं की स्वीकृति हेतु संचिका उपस्थापित किये जाने का निदेश दिया गया।

## रेशम शाखा–

**रेशम प्रक्षेत्र–** निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना द्वारा योजनाओं एवं गैर योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त निदेशित किया गया कि MIS मासिक/त्रैमासिक/वार्षिक प्रतिवेदन एवं संचालित योजनाओं का कार्यान्वयन से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन क्षेत्रीय पदाधिकारियों से मांग की जाय।

## हस्तकरघा स्थापना शाखा–

### 1. संवर्ग नियमावली :–

आज की बैठक में हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय, बिहार, पटना के क्षेत्रीय कार्यालयों में स्वीकृत पदों की नियमावली तैयार करने के संबंध में समीक्षा की गई।

समीक्षोपरान्त यह पाया गया कि निदेशालय अन्तर्गत क्षेत्रीय कार्यालयों में रेशम प्रक्षेत्र की तकनीकी पदों तथा हस्तकरघा प्रक्षेत्र के तकनीकी पदों की भर्त्ती प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त्तों को विनियमित करने के लिए तैयार की गई नियमवाली यथा "बिहार रेशम तकनीकी अधीनस्थ संवर्ग नियमावली–2015" तथा "बिहार हस्तकरघा तकनीकी अधीनस्थ संवर्ग नियमावली–2015" में सीधी नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा का प्रावधान किया गया है, को बिहार तकनीकी सेवा आयोग नियमावली तथा सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त परामर्श के आलोक में अपेक्षित संशोधन की आवश्यकता है।

फलतः निदेश दिया गया है कि उक्त नियमावली में अपेक्षित संशोधन की कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाय।

### 2. रोस्टर क्लियरेंस :–

आज की बैठक में प्रशाखा द्वारा जानकारी दी गई कि वरीय अनुदेशक, कुशलशिल्पी (हस्तकरघा प्रक्षेत्र), अधिदर्शक/पर्यवेक्षक, तकनीकी पर्यवेक्षक एवं कीटपालक के पदों का रोस्टर क्लियरेंस किया जा चुका है जबकि सहायक अधीक्षक, लिपिक एवं कार्यालय परिचारी संवर्ग के रिक्त पदों के रोस्टर क्लियरेंस की कार्रवाई की जा रही है।

### 3. कोर्ट केस :–

| क्र० | CASE Details | अद्यतन स्थिति/दिये गये निदेश |
|---|---|---|
| *01* | *02* | *03* |
| (i) | **CWJC No.- 5942/15 & 9379/05** यादव लाल साह बनाम् बिहार राज्य एवं अन्य में पारित न्यायादेश | उक्त वाद में पारित न्यायादेश के आलोक में वादी के बकायादि के भुगतान हेतु उप विकास पदाधिकारी (वस्त्र), मुजफ्फरपुर का प्रभार कार्यहित में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, मुजफ्फरपुर को सौंपने का अनुरोध किया गया है क्योंकि वर्तमान में उप विकास पदाधिकारी (वस्त्र), मुजफ्फरपुर का प्रभार महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, बक्सर के पास है। |
| (ii) | **MJC No.- 3173/2019** आनन्दी प्रसाद सिंह बनाम् बिहार राज्य एवं अन्य के संबंध में | उक्त वाद में पारित न्यायादेश के आलोक में वादी के बकाया राशि का भुगतान करते हुए पुरक कारण पृच्छा दाखिल किया जा चुका है। |

| (iii) | MJC No.- 719/19<br>अशोक कुमार सिंहा बनाम् बिहार राज्य एवं अन्य के संबंध में | उक्त वाद में पारित न्यायादेश के आलोक में वादी को देय अनुमान्य दावे का भुगतान किया जा चुका है। साथ ही कारण पृच्छा दायर करने हेतु वांछित अभिलेख सरकारी अधिवक्ता G.A-3 को भेजते हुए कारण पृच्छा दायर करने हेतु प्राचार्य, बिहार रेशम एवं वस्त्र संस्थान, नाथनगर, भागलपुर को प्राधिकृत किया गया है। |
|---|---|---|

## 4. सेवान्त लाभ :–

| क्र० | कर्मी का नाम / पदनाम / कार्यालय का नाम | से०नि० / मृत्यु की तिथि | अद्यतन स्थिति / दिये गये निदेश |
|---|---|---|---|
| *01* | *02* | *03* | *04* |
| (i) | स्व० सुरेश राम, भूतपूर्व कार्यालय परिचारी, सहायक निबंधक, बुनकर सहयोग समितियाँ, गुलजारबाग, पटना | 27.05.2014 (मृत्यु) | मृतक के आश्रित पुत्रों एवं पुत्री में से छोटे पुत्र द्वारा सेवान्त लाभों का भुगतान से संबंधित अभिलेख पर हस्ताक्षर नहीं किया जा रहा है। निदेशालय स्तर से मृतक के छोटे पुत्र को निबंधित डाक से इस आशय का पत्र भी भेजा गया था परन्तु उक्त निबंधित डाक वापस आ चुका है।<br>अत्एव निदेश दिया गया कि संबंधित कार्यालय के माध्यम से मृतक के छोटे पुत्र को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित करने की कार्रवाई की जाय। |
| (ii) | श्री शशिभूषण, से०नि० लिपिक, मलवरी प्रसार सह प्रशिक्षण केन्द्र, राघोपुर बखरी, सीतामढी | 31.01.2018 | C.T.M.I.S. में नाम Migration के लिए वित्त विभाग से पत्राचार किया जा रहा है। नाम Migration के पश्चात् लंबित ग्रुप बीमा में जमा राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा।<br>अतः निदेश दिया गया कि C.T.M.I.S. में सेवानिवृत्त कर्मी का नाम Migration कार्रवाई सुनिश्चित किये जाने हेतु क्षेत्रीय कार्यालय को पत्र भेजा जाय। |
| (iii) | श्री रमारमण सिंह, से०नि० लिपिक, मलवरी प्रसार सह प्रशिक्षण केन्द्र, कुमारबाग, बेतिया | 31.01.2019 | श्री रमारमण सिंह, से०नि० लिपिक द्वारा अपने जिम्मे का प्रभार सौंप दिये जाने की सूचना प्राप्त है, के पश्चात् कोई अद्यतन प्रतिवेदन अबतक प्राप्त नहीं हुआ है।<br>अत्एव निदेश दिया गया कि अविलम्ब महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, पूर्वी चम्पारण, बेतिया से इस संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त की जाय। |
| (iv) | श्री धुरन्धर पांडेय, से०नि० कीटपालक, मलवरी प्रसार सह प्रशिक्षण केन्द्र, कुमारबाग, बेतिया | 31.01.2019 | |
| (v) | श्री विक्रमचन्द्र मिश्र, से०नि० कार्यालय परिचारी, हस्तकरघा सघन विकास योजना, गया | 31.12.2019 | संबंधित कार्यालय से सेवान्त लाभों के संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन अप्राप्त है। फलतः निदेश दिया गया कि अद्यतन स्थिति की जानकारी शीघ्र प्राप्त की जाय। |
| (vi) | मो० अनीसूर रहमान, से०नि० रीलर, सहायक उद्योग निदेशक (रेशम), पूर्णिया | 30.09.2019 | संबंधित कार्यालय से सेवान्त लाभों के संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन अप्राप्त है। फलतः निदेश दिया गया कि अद्यतन स्थिति की जानकारी शीघ्र प्राप्त की जाय। |
| (vii) | मो० मुस्ताक, से०नि० कीटपालक, मलवरी प्रसार सह प्रशिक्षण केन्द्र, फरीदपुर, सीवान | 29.02.2020 | संबंधित कार्यालय से सेवान्त लाभों के संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन अप्राप्त है। फलतः निदेश दिया गया कि अद्यतन स्थिति की जानकारी शीघ्र प्राप्त की जाय। |
| (viii) | श्री शंकर पासवान, से०नि० कार्यालय परिचारी, | 30.04.2020 | संबंधित कार्यालय से सेवान्त लाभों के संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन अप्राप्त है। फलतः निदेश दिया गया कि |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | प्राचार्य, बि०रे० एवं व०सं०, नाथनगर, भागलपुर | | अद्यतन स्थिति की जानकारी शीघ्र प्राप्त की जाय। |
| (ix) | श्री सुरेश प्रसाद मंडल, से०नि० कार्यालय परिचारी, प्राचार्य, बि०रे० एवं व०सं०, नाथनगर, भागलपुर | 31.03.2020 | संबंधित कार्यालय से सेवान्त लाभों के संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन अप्राप्त है। फलतः निदेश दिया गया कि अद्यतन स्थिति की जानकारी शीघ्र प्राप्त की जाय। |

5. आज की बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या 10000 दिनांक 10.07.2015 की प्रति जो सेवानिवृत कर्मी/भविष्य में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के संविदा पर नियुक्त करने से संबंधित है, की छायाप्रति सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को आवश्यक अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु भेजने का निदेश दिया गया।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गई।

ह0/–
निदेशक,
हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– ह0क0सह0–(बैठक–विविध)–01/2020/ ...................... पटना, दिनांक– ............................
प्रतिलिपि– सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
निदेशक,
हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– ह0क0सह0–(बैठक–विविध)–01/2020/ 594 पटना, दिनांक– 10.06.2020
प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10.06.20

निदेशक,
हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना।

(7)